न्यायालय का आदेश बदला

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के सभी सेवा निवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, पूर्व न्यायाधीशों को और जिला न्यायाधीशों तथा महाधिवक्ता को जीवन भर चौबीस घंटे सुरक्षा प्रदान करने का जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का आदेश आज उलट दिया। चार सप्ताह के भीतर सुरक्षा की स्थिति का आकलन करके आवश्यकतानुसार पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा और न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड की पीठ ने कहा कि सुरक्षा के बारे में उच्च न्यायालय के आदेश इस संबंध में संशोधित किये जाते हैं।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
नई दिल्ली।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुडको) को सरकार की योजनाओं के अनुरूप सस्ते आवासों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। हुडको से वर्ष 2022 तक सभी को आवास मुहैया कराने के सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग देने के लिए कहा गया है।

पुरी ने मंगलवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हुडको के पंडाल का उद्घाटन करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में आवास सुविधा मुहैया करा रहे हुडको को भवन निर्माण की अत्याधुनिक तकनीक की मदद से निर्माण खर्च में गिरावट लाने की जरूरत है। उन्होंने आवास, सड़क, मेट्रो, अस्पताल और पुलों के निर्माण सहित अन्य ढांचागत विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण में हुडको के योगदान को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि आवास सुविधा से वंचित प्रत्येक नागरिक को साल 2022 तक आवास मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई है।

के तहत होगी कार्रवाई

नई दिल्ली (वार्ता)। जेट एयरवेज के एक विमान के टॉयलेट में पिछले महीं विमान का अपहरण करने की धमकी वाला खत रखने वाले गुजरात के कारोबारी बिरजू सल्ला पर अपहरण रोधी कानून के तहत मामला चलाया जायेगा।

नागरिक उड्डयन सचिव राजीव नयन चौबे ने मंगलवार को बताया कि बिरजू सल्ला को न सिर्फ 'नो फ्लाइ सूची' में डाला जायेगा बल्कि उस पर एंटी हाइजैकिंग कानून, 2016 के तहत भी कार्रवाई भी की जाएगी ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हरकत करने का दुस्साहस न कर सके।

Frontier Springs Ltd.

(Largest Manufacturer of Springs for LHB Coaches)

Regd. Off.: KM 25/4 Kalpi Road Rania ,Kanpur- Dehat. 209304 CIN: L17119UP1981PLC005212
E-mail: c.s@frontiersprings.co.in, Website: http:/www.frontiersprings.co.in
Tel. No. 05111-240212-213, Fax No. 0512-2691207, Mob.9792989548

Increase in sales by 700 lacs as compared to last year's September quarter.



Profitability till September 2017 is 287.93 lacs, Increase by 250 lacs.

EXTRACT OF UN-AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30th SEPTEMBER , 2017

(Rs. in lakhs, except per share data)

Sl. NO.	Particulars	Quarter Ending September 30, 2017	Year to date figures September 30, 2017	Corresponding 3 months ended in the previous year September 30, 2016
		(Unaudited)		(Unaudited)
1.	Total Income from Operations (Net)	1325.85	2804.87	1120.17
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary Items*)	139.31	287.93	6.40
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items*)	139.31	287.93	6.40
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items*)	105.81	219.14	1.69
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	105.81	219.14	1.69
6	Equity Share Capital	396.32	396.32	396.32
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-
8	Earnings Per Share (of Rs. 10 /- each) (for continuing and discontinued operations)			
	(a) Basic (Rs.)	2.69	5.56	0.04
	(a) Diluted (Rs.)	2.69	5.56	0.04

NOTES :

1. The above is extract of the detailed format of the Unaudited Financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Half Yearly Financial results are available on the Company's website www.frontiersprings.co. in and on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com

For and on behalf of the Board of Directors
(K.L.Bhatia)
Chairman cum Mng. Director
DIN: 00581799

Place :- Kanpur
Date:- 13.11.2017

आदि महोत्सव 16 से

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली में 16 से 30 नवम्बर तक जनजातियों के बनाए सामान की बिक्री एवं प्रदर्शन के लिए आदि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जनजाति मंत्रालय के तहत आने वाले ट्राइबल कॉपरेटिव मार्केटिंग डवलपमेंट फेडरेशन (ट्राइफेड) के इस आदि महोत्सव का उद्घाटन उपराष्ट्रपति एम .वेंकैया नायडू 16 नवम्बर को दिल्ली हाट में करेंगे। उद्घाटन शाम साढ़े पांच बजे रखा गया है, इसके बाद शाम 6 बजे से यह जन सामान्य के लिए खुला रहेगा। जनजातीय मंत्रालय की सचिव लीना नायर ने बताया कि आदि महोत्सव में 25 राज्यों के 480 कलाकार अपने सामान को प्रदर्शित करेंगे।